Seventeenth Loksabha

p>

Title: Demand for intercity express from Thawe Junction to Patna.

डॉ. आलोक कुमार सुमन (गोपालगंज): अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं । मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं । मैं अपने संसदीय क्षेत्र गोपालगंज, बिहार में थावे जंक्शन से वाया छपरा, पाटलीपुत्र जंक्शन, पटना तक अप एंड डाउन इंटरसिटी एक्सप्रेस चालू करवाने का आग्रह कर रहा हूं । पहले जब छोटी लाइन थी, तब वहां ट्रेनों की संख्या 6 जोड़ी थी । आज बड़ी लाइन बन जाने के दो साल बाद ट्रेनों की संख्या एक जोड़ी कर दी गई है । इस लाइन पर विद्युतीकरण का काम भी हो चुका है ।

महोदय, मेरा आपके माध्यम से आग्रह है कि थावे जंक्शन से पाटलीपुत्र जंक्शन, पटना तक इंटरसिटी एक्सप्रेस सहित 6 जोड़ी ट्रेनों की सेवा पुनः चालू कराई जाए ।